भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या– 2150
दिनांक 18.12.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

नाथू ला के माध्यम से सीमा व्यापार पुनः आरंभ करना

2150 **श्री दोरजी त्शेरिंग लेप्चा**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या सरकार ने नाथू ला के माध्यम से सीमा व्यापार पुनः आरंभ करने, विस्तारित करने या सुदृढ़ करने के संबंध में हाल ही में कोई समीक्षा की है, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या मंत्रालय ने सिक्किम राज्य सरकार द्वारा चीन, भूटान और नेपाल के साथ संबंधों से उत्पन्न पर्यटन, व्यापार, सीमा संबंधी घटनाओं या स्थानीय आजीविका संबंधी चिंताओं से जुड़े मुद्दों को पड़ोसी देशों के संबंधित प्राधिकारियों के समक्ष उठाया है; और

(ग) क्षेत्र में बढ़ती भू-राजनीतिक संवेदनशीलता को देखते हुए सिक्किम के रणनीतिक, आर्थिक और विकासात्मक हितों की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए मंत्रालय द्वारा दिए जा रहे समर्थन का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
विदेश राज्य मंत्री
(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क से ग) भारत और चीन के बीच मौजूदा द्विपक्षीय करारों के तहत दोनों देशों के बीच व्यापार के लिए तीन बिंदु निर्धारित हैं: उत्तराखंड में लिपुलेख दर्रा (1992 से), हिमाचल प्रदेश में शिपकी ला दर्रा (1995 से) और सिक्किम में नाथू ला दर्रा (2006 से)। 2020 में कोविड-19 महामारी के दौरान इन सभी बिंदुओं से व्यापार बाधित हुआ था। अगस्त 2025 में चीनी विदेश मंत्री वांग यी की यात्रा के दौरान दोनों पक्षों ने सिक्किम के नाथू ला दर्रे सहित तीनों निर्धारित व्यापारिक बिंदुओं के माध्यम से सीमा व्यापार को फिर से शुरू करने पर सहमति व्यक्त की। सरकार अपने सीमावर्ती क्षेत्रों के विकासात्मक हितों से पूरी तरह अवगत है और उन्हें सुरक्षित रखने और बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास करती है।

*****